25/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज नई दिल्ली में बैठक हुई। मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, किसानों की आय और रोजगार सृजन बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश के आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने झारखंड में संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी) को भी मंजूरी दी, ताकि झरिया कोलफील्ड में आग, भूमि धंसने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास से संबंधित मुद्दों का समाधान किया जा सके। मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में चार सौ सत्रह करोड़ रुपये की लागत से **इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर** (ईएमसी 2.0) की स्थापना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को याद करने और सम्मानित करने का संकल्प लिया, जिन्होंने आपातकाल और भारतीय संविधान की भावना को नष्ट करने के उसके प्रयास का विरोध किया था, जिसकी शुरुआत उन्नीस सौ चौहत्तर में नवनिर्माण आंदोलन और संपूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के प्रयास से हुई थी।

इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दो मिनट का मौन रखा गया, जहाँ उन्होंने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित सभी लोगों और उनके अनुकरणीय साहस और वीरतापूर्ण प्रतिरोध के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज शाम नई दिल्ली में **'द इमरजेंसी डायरीज-ईयर्स दैट फोर्ज्ड ए लीडर'** नामक पुस्तक का विमोचन किया।

0000000000000000000000

राज्य में भी आज संविधान हत्या दिवस मनाया गया। डी.के. कन्वेंशन सेंटर ईटानगर में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने कहा कि यह दिन आपातकाल की अवधि और लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता के किसी भी दुरुपयोग को रोकने के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन उन लोगों को भी श्रद्धांजलि है जो उस अवधि के दौरान सत्तावाद के खिलाफ खड़े हुए थे। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि संविधान हत्या दिवस नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और मौलिक अधिकारों की रक्षा में संविधान की भूमिका पर विचार करने का एक अवसर है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आपातकाल को केवल एक ऐतिहासिक घटना से कहीं अधिक बताते हुए इसे एक “चेतावनी, एक जिम्मेदारी और एक सबक”कहा जिसे कभी नहीं भूलना चाहिए। राज्यपाल ने एक फोटो प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया जिसका उद्देश्य संविधान की पवित्रता और लोकतांत्रिक संस्थाओं को संरक्षित रखने की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना था।

00000000000000000000000

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन आज दोपहर 12:01 मिनट पर, संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित **कैनेडी स्पेस सेंटर** से लॉन्च किया गया। जो लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में 14-दिवसीय वैज्ञानिक मिशन पर होंगे।

00000000000000000000000

ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत अब तक आठ सौ अट्ठारह भारतीय नागरिक इजराइल से स्वदेश लौट चुके हैं। केंद्रीय श्रम, रोजगार और एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने आज सुबह भारतीय वायुसेना के विमान से इजराइल से भारत लौटे 224 भारतीय नागरिकों की अगवानी की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य 12 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, अंजाव, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और तेज बारीश होने कि संभवना है।

00000000000000000000000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल वर्चुअल माध्यम से विकसित कृषि संकल्प अभियान की व्यापक समीक्षा की। राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कहा कि, राज्य में 1,380 के लक्ष्य के मुकाबले कुल 2,254 गांवों को कवर किया गया। इसी के तहत 1,23,875 किसानों में से करीब 55.88 प्रतिशत महिलाएं विकसित कृषि संकल्प अभियान से जुड़ी हैं।

0000000000000000000000

अपर सियांग जिले के यिंगकिओंग में डीसी कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में आज से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) द्वारा आयोजित जिला स्तर के लिए घटना प्रतिक्रिया प्रणाली (IRS) और नागरिक सुरक्षा अभ्यास पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला-स्तरीय प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना और आपात स्थितियों और आपदाओं के दौरान समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

0000000000000000000000

जनजातीय गौरव वर्ष के एक हिस्से के रूप में, पापुम पारे जिले में एसडीओ कार्यालय के पास दोईमुख मार्केट ग्राउंड में आयोजित आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य शिविर का आज समापन हुआ।

0000000000000000000000

ईरानी संसद ने आज संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग निलंबित करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी।

0000000000000000000000

और पुरुष हॉकी इंडिया मास्टर्स कप के पहले सेमीफाइनल में आज तमिलनाडु ने चंडीगढ़ को 3 गोल से हरा दिया। दूसरा सेमीफाइनल ओडिशा और महाराष्ट्र के बीच खेला जाएगा।

0000000000000000000000